कार्रवाई

लोकायुक्त टीम रीवा ने मंगलेश्वर मिश्रा को 15 हजार की रिश्वत लेते किया ट्रैप

# पोंगरी पंचायत सचिव रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**शहडोल, नवभारत।** गुरूवार को संभागीय मुख्यालय में रीवा लोकायुक्त की 10 सदस्यीय टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सचिव को रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया। टीम ने सोहागपुर जनपद के पोंगरी पंचायत सचिव मंगलेश्वर मिश्रा को 15,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई पंचायत भवन पोंगरी में की गई, जहां सचिव उपसरपंच अमृतलाल यादव से बिल भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जल गंगा संवर्धन योजना के तहत 2,37,000 के कार्य का बिल तैयार हुआ था। सचिव ने इस बिल के भुगतान के लिए उपसरपंच से 25,000 रिश्वत की मांग की थी।

### बिल पास कराने उपसरपंच से मांग रहा था 25 हजार

पीड़ित उपसरपंच ने 28 अक्टूबर को लोकायुक्त रीवा कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद टीम ने जांच और ट्रैप की तैयारी की। गुरुवार को निर्धारित योजना के अनुसार लोकायुक्त टीम ने पंचायत भवन पर छापा मारा। जैसे ही सचिव ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर रंगेहाथ पकड़ लिया।

### देर शाम तक होती रही पूछताछ

कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों की भीड़ पंचायत परिसर में जमा हो गई और माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण रहा। टीम ने आरोपी सचिव को मौके से गिरफ्तार कर शहडोल सर्किट हाउस लाया, जहां देर शाम तक उससे पूछताछ की। रिश्वत की रकम जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेज किए जब्त

लोकायुक्त सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान यह भी जांच की जा रही है कि पंचायत में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों में कहीं और कमीशन की प्रथा तो नहीं चल रही थी। टीम ने पंचायत भवन से महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं। गौरतलब है कि शहडोल जिले में बीते कुछ समय में लगातार रिश्वत के मामले सामने आ रहे हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला पथ संचलन



**गोहपारू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर खनौधी में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। 30 अक्टूबर गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का पथ संचलन खनौदी के प्रमुख मार्गों में शुरू हुआ। इसमें ग्राम की सभी शाखाओं के सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए। खनौधी स्कूल ग्राउंड में अपरान्ह 3 बजे एकत्रीकरण के बाद बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात पथ संचलन प्रारंभ हुआ।

बौद्धिक उद्बोधन के बाद पथ संचलन खनौधी हायर सेकेंडरी स्कूल खेल ग्राउंड से प्रारंभ होकर रीवा रोड से बाजार,होते हुए खांड तिराहा से लेकर बस्ती होकर ग्राउंड पर आकर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान नगर वासियों एवं विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों के पथ संचलन का भव्य स्वागत किया। संचलन में जिला एवं पुलिस प्रशासन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा। कार्यक्रम में सहित बड़ी संख्या में ,व्यवसायी एवं आम लोग भी शामिल रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विभाग सहकार्यवाह प्रवीण जी, खंड कार्यवाह प्रवीण कुमार दुबे,खंड संघ चालक सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथियों ने विचार रखे। संघ की स्थापना से अब तक किए गए कार्यों के साथ ही संघ की विचारधारा एवं उद्देश्यों पर विस्तार से बात रखी गई। जिसको काफी तन्मयता से सुना गया।

### महिलाओं ने पथ संचलन में बरसाए फूल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में फूल बरसाने के लिए जगह-जगह महिलाओं का जमावड़ा रहा। स्वयंसेवकों का संचलन जहां से निकला वहां फूल बरसाने में सबसे आगे महिलाएं रहीं। महिलाओं ने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। खनौधी में भी महिलाओं की काफी भीड़ रही। आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में भी महिलाएं सहभागी रहीं। छत्राणी महिलाओं का समूह पुष्प लेकर पारंपरिक भेषभूषा में नजर आया। इनके द्वारा भी स्वयंसेवकों के पथ संचलन में फूल बरसाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का स्वागत करने के लिए महिलाओं का झुंड जगह-जगह घंटों प्रतीक्षा करता रहा। स्वयंसेवकों का संचलन वहां से गुजरने के बाद महिलाएं भी पीछे-पीछे आकर स्कूल ग्राउंड पहुंचे ग्राउंड पहुंची।

# दिव्य मुस्कान महिला क्लब ने की गौपूजा

**शहडोल।** दिव्य मुस्कान महिला क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता के नेतृत्व में गत दिवस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समीपी ग्राम पंचायत स्थित कल्याणपुर पहुंच करअटल कामधेनु सेवा केन्द्र का अवलोकन किया ।गोपाष्टमी के शुभ मूहुर्त मेंक्लब सदस्यों ने गौ-माताकी आरती उतारी औरफल तथा अन्न का ग्रासग्रहण कराया साथ ही गौमाता का विधि पूर्वक पूजन किया ।क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता ने गौसेवा में संलग्न सभी सम्मानित सदस्यों से परिचय ले करगौ सेवा केन्द्र की जानकारी ली और सेवाकेन्द्र के लिये क्लब की ओर से 51सौ रु. की नकद राशि भेंट की ।श्रीमती गुप्ता ने लाचार और घायल पड़ी गौ माताओं को देख कर सेवा केन्द्र के सदस्यों कीलगन,समर्पणएवं सेवा भावना की मुक्त कंठ से प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि समाज को सम भाव से दुग्ध पान कराने वालीगौमाता आज इतनी विवश क्यों हैं यह बातसभी को गंभीरता से समझ कर अपने दायित्व को जागृत करना समाज की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और ऐसीसंस्थाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सभ्रांत वर्ग को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर क्लबकी संरक्षिका मंजू गुप्ता, नीति सिंघल, उपाध्यक्ष छाया गुप्ता, सचिव अंजना आर्य एवं सदस्य रंजना गुप्ता, अंजु चैदहा, प्रेमलता जायसवाल, ममता नेमा उपस्थित रहीं ।





# महर्षि के छात्रों ने आध्यात्मिक जनजागरण के तहत किया हनुमान चालीसा का पाठ

**शहडोल।** महर्षि शिक्षा संस्थान विद्यालय समूह एवं विश्व शान्ति आंदोलन के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड डॉ ब्रम्हाचारी गिरीश के निर्देशानुसार महर्षि विद्या मंदिर शहडोल द्वारा विद्यालय प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के उद्देश्य को सार्थक बनाने के लिए 28 एवं 29 अक्टूबर को कल्चुरी कालीन प्राचीन माँ कंकाली माता मंदिर अंतरा में कक्षा 6 एवं 7 के लगभग 100-100 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता के साथ हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया एवं माँ कंकाली के दर्शन का लाभ प्राप्त कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसी प्रकार दिनांक 30.10.2025 को प्रसिद्ध शिव मंदिर जरहा धाम पटासी में जाकर कक्षा 8 के विद्यार्थी एवं शिक्षकों के द्वारा हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया एवं सुमधुर भजनों का गायन किया गया। माँ कंकाली एवं भगवान शिव के दरबार में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सुंदर- सुंदर भक्ति मय भजनों का गायन किया गया एवं कार्यक्रम के समापन में प्रसाद का वितरण किया गया तत्पश्चात् मंदिर परिसर में विराजित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों का भ्रमण कर वापस विद्यालय के लिए प्रस्थान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक इंचार्ज कीर्ति गुप्ता, शिक्षिका रीमा मिश्रा, संज्ञा तिवारी, मिनाक्षी द्विवेदी, सविता द्विवेदी, मधु मिश्रा, माधवी तिवरी, रेनुका सोनी, शिक्षक हरीश कुमार मिश्रा, पवन द्विवेदी, मणिराज पटेल, अरूण कुमार सेन, शिक्षिका प्रतिमा रजक एवं पायल आसवानी एवं नंदनी गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा।

# लौह पुरुष जयंती पर आज धूमधाम से निकाली जायेगी रैली

सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल द्वारा सभा का आयोजन




**शहडोल।** लौह पुरुष जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहडोल जिला मुख्यालय में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल के संरक्षक शिवकुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की भारत रत्न लौह पुरुष किसानों के मसीहा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामय तरीके से शहडोल में किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विद्यावति पटेल पूर्व विधायक गुढ़ जिला रीवा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुजा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत उमरिया द्वारा किया जाना है।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ जीडी सिंह, डॉ वी पी पटेल, डॉ एम पी सिंह, डॉ विपिन पटेल,पल्विका पटेल, शिवकुमार पटेल पूर्व जनपद सदस्य अनूपपुर, विश्वेश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, पी के लगरखा, अनुराग पटेल, रामभजन पटेल एवं आर एस पटेल सम्मिलित होंगे जानकारी देते हुए पटेल द्वारा बताया गया कि वाहन रैली छोटेलाल पटेल छात्रावास शहडोल से रवाना होकर। बाणगंगा मेला मैदान चैराहा होते हुए जय स्तंभ अंबेडकर चैराहा गांधी चैराहा बुढार चैराहा नया बस स्टैंड से होते हुए कोतमा तिराहा जहां पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा स्थापित है प्रतिमा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के उपरांत रैली कार्यक्रम स्थल छोटेलाल पटेल छात्रावास पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी इस विशाल आयोजन में सर्वधर्म समाज से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील श्री पटेल द्वारा की गई है। वहीं आयोजक कमेटी में विशेष रूप से आर के पटेल अध्यक्ष, एमपी पटेल सचिव,डॉ सिद्धार्थ सिंह निशांत पटेल, दीपक सिंह प्रदीप पटेल एवं अजय पटेल द्वारा आयोजन व्यवस्था की जाएगी।

## बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने शुरू की गई प्रक्रिया

**कटनी।** जिले के बहोरीबंद ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाने के लिए अधिसूचना के प्रारंभिक प्रकाशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस मामले में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर पारिषद बनाए जाने के संबंध में राजपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन के लिए नियंत्रक, शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय को पत्र प्रेषित भी कर दिया है। प्रकाशन के लिए भेजी गई अधिसूचना में ग्राम पंचायत बहोरीबंद को नगर परिषद बनाने के लिए 7 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 19 ग्रामों को शामिल किया गया है। नगर परिषद बहोरीबंद गठन के बाद इसका भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 5442 हेक्टेयर होगा।

# 1 नवम्बर को छात्रावासों, आश्रमों में आयोजित होगा कार्यक्रम

छात्रावास दिवस पर शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर को जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में छात्रावास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रावास एवं आश्रम की पालक समितियों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि छात्रावास दिवस के अवसर पर छात्रावासों में शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जाएगा। छात्रावास का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा।

### छात्रावास अधीक्षकों को दिए स्वच्छता के निर्देश

इस अवसर पर विशेष सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। छात्रावास दिवस के आयोजन के पूर्व छात्रावास परिसर की साफ-सफाई रंगाई पुताई एवं आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश छात्रावास अधीक्षकों को दिए गए हैं। उनसे यह भी कहा गया है कि छात्रावास परिसरों का सौंदर्यीकरण करने हेतु व्यवस्थित पौधरोपण क्यारियों का निर्माण भी किया जाए। प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त स्तर सामग्री क्रय करने हेतु विद्यार्थी को शासन के निर्देशानुसार राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे विद्यार्थी स्वयं विस्तर सामाग्री क्रय कर सकेंगे।

### नोडल अधिकारियों की हुई नियुक्ति

छात्रावास दिवस के आयोजन हेतु जिले में संचालित 106 छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो वहां उपस्थित रहकर सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन कराएंगे तथा कार्यक्रम आयोजन का प्रतिवेदन 5 नवम्बर तक सहायक आयुक्त कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएंगे।

# रन फॉर यूनिटी देश की अखंडता का प्रतीक : पुलिस अधीक्षक

आज होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**शहडोल।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन संभागीय मुख्यालय शहडोल में किया जाएगा। यह दौड़ प्रात: 8 बजे जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर, राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमें भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए, एकता, अखंडता और शक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने जिले के युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स, पत्रकार बंधु, शासकीय सेवकों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों तथा नागरिकों से इस दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राष्ट्र की एकता के संकल्प को मजबूत करने की अपील की।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर थाना स्तर पर होगी दौड़

**कटनी।** राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने हेतु सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर 31 अक्टूबर को प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर सुबह 8 बजे से एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है। जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा होंगे।

# अब नागरिक भी कर सकेंगे बाघों का आंकलन

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मंगाये आवेदन, 27 स्वयंसेवकों का किया जायेगा चयन



**चिल्हारी नवभारत 30 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में राष्ट्रीय बाघ आंकलन 2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। पहली बार आम नागरिकों को भी इस महत्वपूर्ण गणना अभियान में सम्मिलित होने का अवसर दिया जा रहा है। यह मौका उन नागरिकों के लिए गौरवपूर्ण व रोमांचक होगा जो जंगल, वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति से गहरा लगाव रखते हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि बाघ आंकलन से प्राप्त आंकड़े देश की बाघ संरक्षण नीति को नई दिशा प्रदान करते हैं और इससे भारत की वैश्विक स्तर पर भूमिका और मजबूत होती है। इस बार आंकलन मे नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 27 स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा। डेटा संग्रहण का कार्य 1 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक चार चरणों में संपन्न होगा।

### यह होगी पात्रता

आवेदन करने वाले नागरिकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है तथा उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सक्षम होना होगा कि वे जंगल की कठिन परिस्थितियों में लगातार छह दिन रहकर प्रतिदिन लगभग 10 किलोमीटर तक पैदल चल सकें। स्वयंसेवकों को आंकलन के दौरान स्थानीय वनकर्मियों के साथ ही रहना होगा और अपना स्लीपिंग बैग व आवश्यक सामग्री स्वयं लानी होगी। जंगल में ड्यूटी के दौरान भोजन व अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा। प्रबंधन केवल सुरक्षा और बीट स्तर पर आवास की व्यवस्था करेगा।

### बीट में ही रहना अनिवार्य

प्रत्येक स्वयंसेवक को आंकलन शुरू होने से दो दिन पहले कैंप मे पहुंचना होगा ताकि एक दिन पूर्व आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में वे आवश्यक निर्देश व तकनीकी जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्हें आवंटित बीट में ही रहना अनिवार्य होगा और समूह में चयनित होने पर भी अलग-अलग बीटों पर तैनाती होगी ताकि आंकलन निष्पक्ष, सटीक और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके। किसी भी स्वयंसेवक को अपनी इच्छानुसार क्षेत्र बदलने की अनुमति नहीं होगी और प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी रहेगा।

### 15 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

इच्छुक नागरिक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में भरे गए सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर होना आवश्यक है। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन 15 नवंबर 2025 तक क्षेत्र संचालक कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। बाघ आंकलन में सम्मिलित होने वाले स्वयं सेवकों के लिए हानि रक्षा बंधन पत्र तथा विस्तृत नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**इनका कहना है**

बाघों का आंकलन अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरा कार्य है। विभाग स्थानीय नागरिकों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के मकसद से यह पहल कर रहा है। इस अभियान में वन्य प्राणियों के जानकार अथवा उनमे रूचि रखने वाले लोगों को जोडा जायेगा।

**डॉ. अनुपम सहाय, क्षेत्र संचालक बीटीआर उमरिया**

# ट्रक से अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी 15 लाख रूपए की शराब

एनकेजे पुलिस ने बायपास में कार्रवाई कर जब्त किया ट्रक



**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहला बायपास से बड़वारा की ओर जा रहे एक ट्रक से पुलिस ने काफी मात्रा में शराब जब्त की है। शराब की कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए अनुसार जुहला बायपास से बड़वारा की ओर जा रहे एक ट्रक को रोका। ट्रक की तलाश ली गई तो उसमें काफी मात्रा में शराब रखी हुई मिली। पुलिस ने लगभग 12 सौ कार्टून में रखी 10 हजार 584 लीटर शराब जब्त कर ली है। शराब की कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के बरहा गांव निवासी ट्रक चालक शैलेन्द्र पिता अजय राम कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, गणेश दत्त मिश्रा की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार को रोकने के लिए ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है।